# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 27.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 27.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपहतों/गुमशुदाओं की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना सरधुवा पुलिस टीम ने घर से भटक कर थाना क्षेत्र में आई बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि बालिका पूजा पुत्री बृजकिशोर निवासी मनकहर्डी थाना कमासिन जनपद बांदा अपने घर से भटक कर थाना क्षेत्र में आ गई थी जिसे आज दिनाँक 27.01.2025 को एंटीरोमियो टीम उ0नि0यूटी नितिश यादव,महिला आरक्षी नेहा अहिरवार थाना सरधुवा पुलिस टीम द्वारा बच्ची को परिजनों से सम्पर्क कर सकुशल सुपुर्द किया गया।

(4). आज दिनांक 27.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में महाकुंभ 2025 व आगामी मौनी अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रामघाट,बेड़ी पुलिया, यूपीटी चौराहा,निर्मोही अखाड़ा एवं धनुष चौराहा एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों/इलाकों/छतो पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी ।

(5). आज दिनाँक 27.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा महाकुंभ-2025 व आगामी मौनी अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत भरतकूप मंदिर का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा आगामी अमावस्या मेला पर श्रद्धालुओं का जनपद में भारी संख्या में आवागमन हो रहा है,जिसके चलते रामघाट,परिक्रमा मार्ग, भरतकूप मंदिर पर दर्शन-पूजन करने आते है जिसमें महिलाएं व बालिका की संख्या अत्यधिक रहती है उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई घटना न घटित होने पाये। पुलिस कर्मी निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित हो,मुस्तैदी से ड्यूटी करें तथा श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए तत्पश्चात निर्माणाधीन थाना भरतकूप का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

भ्रमण के दौरान थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह,पीआरओ श्री प्रदीप पाल व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

(6). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपहतों/गुमशुदाओं की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर व उनकी टीम द्वारा रामघाट पर अपने परिवार से बिछड़ी महिला को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनाँक 27.01.2025 को महिला हीरा देवी पत्नी विजय शंकर नि0 रामुआ पुरवा जनपद सीतापुर जो रामघाट पर खो गई थी जिन्हे चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल गुप्ता व आरक्षी अनुज यादव द्वारा महिला के परिजनों को खोजकर महिला को सकुशल सुपुर्द किया गया।

(7). आज दिनाँक 27.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा महाकुंभ 2025 व मौनी अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के हेतु यूपीटी तिराहा पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं सम्बन्धित को समुचित व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह एवं पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

(8).श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्यामप्रताप पटेल एवं पैरोकार आरक्षी रविप्रकाश द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी

प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम जनपद चित्रकूट सुश्री अंजुलिका प्रियदर्शिनी द्वारा आज दिनांक 27.01.2025 को थाना रैपुरा में पंजीकृत मु0अ0सं0 63/2019 धारा 279,337,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त केशन यादव पुत्र सुकरु निवासी माधवगंज थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 2000/- रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(9). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्यामप्रताप पटेल एवं पैरोकार आरक्षी रविप्रकाश द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजुलिका प्रियदर्शिनी द्वारा आज दिनांक 27.01.2025 को थाना रैपुरा में पंजीकृत मु0अ0सं0 206/2017 धारा 60 आबकारी अधिनियम के आरोपी अभियुक्त  भीम पुत्र नत्थू निवासी कसहाई रोड गोल तालाब कर्वी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 1000/- रूपए् के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।